**डॉ० एस० सिद्धार्थ**, भा०प्र०से०
अपर मुख्य सचिव
शिक्षा विभाग,
बिहार सरकार

बिहार सरकार

विकास भवन, पटना - 800 015
फोन : 0612 - 2217016 (कार्यालय)
फैक्स : 0612 - 2235108
ई-मेल : secy-edn-bih@nic.in

पत्रांक– 65/गो०/ पटना, दिनांक 28.08.2025

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

**विषयः– समय–समय पर विभिन्न विषयों के शिक्षकों का फोटो भेजने के संबंध में।**

महाशया

उपर्युक्त विषयक शिक्षा विभाग में स्थापित कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर को यह निदेश दिया गया है कि समय–समय पर विद्यालयों के कार्यकलाप के संबंध में फोटो भेजने का निर्देश हुआ है। कई बार इस संबंध में कुछ प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों द्वारा कॉल सेन्टर ऑपरेटर से लिखित पत्र की माँग की गई है। इस संबंध में आपको निदेशित किया जाता है कि आप स्वयं अपने स्तर से सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को यह सूचित कर देंगे कि समय–समय पर कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर के स्तर से फोटो माँगे जाने पर वे संबंधित विषय का फोटो निश्चित रूप से भेजेंगे। जिस नंबर पर फोटो भेजा जाना है वह कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर के कॉलर से समय–समय पर अवगत कराया जायेगा। यदि किसी को कॉलर के बारे में शक हो तो कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर के **14417 अथवा 18003454417** पर सम्पर्क कर कंफर्म कर सकते हैं।

तत्काल निम्नलिखित विषयों का फोटो भेजने का निदेश दिया जा रहा है, जो निम्नवत् है :–

1. चेतना सत्र
2. मध्याह्न भोजन योजना
3. Physics/Chemistry/Biology/ ICT Lab के कक्षा से संबंधित।
4. वर्ग कक्षा की स्थिति।
5. शौचालय की स्थिति।
6. स्कूल के कार्य अवधि में (समय बदल–बदल कर) शिक्षकों का ग्रुप फोटोः जिन विद्यालयों में शिक्षक उपस्थिति बनाकर लापता होने की शिकायत प्राप्त हो।

यदि किन्हीं शिक्षक के द्वारा फोटो नहीं भेजा जाता है अथवा आना–कानी की जाती है, तो संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित शिक्षक पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में सभी विद्यालय प्रधान को सूचित कर देंगे।

विश्वासभाजन

28/8/2025

**(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)**

ज्ञापांक–65/मा०

पटना, दिनांक 28/08/2025

**प्रतिलिपिः**– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/8/2025

**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक–65/मा०

पटना, दिनांक 28/08/2025

**प्रतिलिपिः**– सचिवः– (द्वय), शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, बी०ई०पी०/प्रबंध निदेशक, बी०एस०ई०आई०डी०सी०/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/8/2025

**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक–65/मा०

पटना, दिनांक 28/08/2025

**प्रतिलिपिः**– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/8/2025

**अपर मुख्य सचिव**